भारत सरकार

गृह मंत्रालय

सीमा प्रबंधन विभाग

.....

सीमावर्ती क्षेत्र विकास कार्यक्रम (बीएडीपी): संशोधित दिशानिर्देश (जून, 2015)

1. उद्देश्य:

सीमावर्ती क्षेत्र विकास कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अन्तर राष्ट्रीय सीमा के पास स्थित दूरवर्ती एवं अगम्य क्षेत्रों में रह रहे लोगों की विशिष्ट विकासात्मक और अच्छे रहन-सहन की जरूरतों को पूरा करना तथा केन्द्रीय/राज्य/बीएडीपी/स्थानीय स्कीमों एवं भागीदारी दृष्टिकोण के जरिए सीमावर्ती क्षेत्रों में संपूर्ण आवश्यक अवसंरचनात्मक सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

2. कवरेज:

2.1 सीमावर्ती क्षेत्र विकास कार्यक्रम शतप्रतिशत केन्द्र द्वारा वित्त पोषित कार्यक्रम बना रहेगा। उक्त कार्यक्रम में 17 राज्यों अर्थात- अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, एवं पश्चिम बंगाल राज्य, जो कि अन्तरराष्ट्रीय भू-सीमाओं का निर्माण करते हैं, के 106 सीमावर्ती जिलों के 381 (लगभग) खण्डों के वे सभी गांव शामिल होंगे, जो अंतर राष्ट्रीय सीमा से 0-10 किमी. के अन्दर स्थित हैं, चाहें ये सीमावर्ती खण्ड अन्तर राष्ट्रीय सीमा से सटे हुए हों अथवा नहीं। इनमे से प्राथमिकता उन गांवों को दी जाएगी जो अन्तर-राष्ट्रीय सीमा से 0-10 किमी. के अन्दर अवस्थित हैं और इनमें से भी उन गांवों को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाएगी जिनकी पहचान सीमा रक्षक बलों (बीजीएफ) द्वारा की जाएगी और इन्हें सामरिक गांवों के नाम से जाना जाएगा। राज्य सरकारें 0-10 कि.मी. के दायरे में आने वाले गांवों में संपूर्ण सुविधाएं (सैचूरेशन) सृजित करने के बाद ही 0-20 कि.मी. दायरे के अन्दर आने वाले गांवों के अगले सेट का कार्य हाथ में ले सकेंगी। राज्य सरकारें, 0-20 कि.मी. के दायरे में आने वाले गांवों में संपूर्ण सुविधाएं सृजित करने के बाद 0-30 कि.मी. दूरी वाले गांव और फिर इसी प्रकार 0-50 कि.मी. तक की दूरी के अन्दर स्थित गांवों के अगले सेट का कार्य हाथ में ले सकती हैं। राज्य सरकार, जिला स्तरीय समिति (डीएलसी) से एक प्रमाणपत्र हासिल करेगी और समुचित रूप से संतुष्ट होने के उपरांत उस प्रमाण-पत्र को सीमा प्रबंधन विभाग, गृह मंत्रालय को भेजेगी, कि 0-10 कि.मी./0-20 कि.मी./0-30 कि.मी./0-40 कि.मी. के दायरे में आने वाले समस्त गांवों में संपूर्ण सुविधाएं सृजित कर दी गई हैं और क्रमश 0-20 कि.मी./0-30 कि.मी./0-40 कि.मी./0-50 कि.मी. के दायरे में आने वाले गांवों के अगले सेट को सीमावर्ती क्षेत्र विकास कार्यक्रम (बीएडीपी) के अंतर्गत लेने के लिए विचार किया जा रहा है। हवाई दूरी को भी गणना में लिया जाएगा। साथ ही सीमा रक्षक बल (बीजीएफ) गांवों की पहचान करेंगे। प्राथमिकता निर्धारित करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगी प्रथम बस्ती/गांव को 'जीरो' (शून्य) लाइन दूरी वाला गांव माना जाएगा और आगे की दूरी की

गणना इसी गांव से की जाएगी। "सामरिक ग्राम" शब्द उन गांवों के लिए प्रयोग किया जाएगा जिनकी पहचान सीमा रक्षक बलों (बीजीएफ) द्वारा की जाएगी।

2.2 <u>गांव की अवसंरचना संतृप्ति:</u> जिला स्तरीय समितियां 'गांव की संतृप्ति' अवसंरचना की परिभाषा स्वयं निर्मित करेंगी। तथापि 'किसी गांव की संतृप्ति' के लिए उस गांव की न्यूनतम सुविधाओं में रोड कनेक्टिविटी, विद्यालय, जिसमें छात्राओं के लिए अलग शौचालयों की सुविधा हो, स्वास्थ्य सुविधाएं, बिजली, जल आपूर्ति, सामुदायिक केन्द्र, सार्वजनिक शौचालय विशेषकर महिलाओं के लिए, अध्यापकों तथा स्वास्थ्य कर्मियों के लिए मकान आदि सुविधाएं शामिल होंगी। परंतु जिला स्तरीय समितियों के लिए यह आवश्यक होगा कि वे उन गांवों की स्थानीय दशाओं को ध्यान में रखते हुए 'गांवों की संतृप्ति' की परिभाषा के बारे में निर्णय लें।

3. <u>राज्यों को निधियों का आबंटन:</u>

3.1 बजटीय आबंटन दो घटकों में विभाजित किया जाएगा जैसे कि - (i) पहला घटक कुल आबंटन का 40% होगा जो कि (सिक्किम सहित) आठ पूर्वोत्तर राज्यों के लिए होगा तथा (ii) दूसरा घटक कुल आबंटन का 60% होगा जो कि आठ पूर्वोत्तर राज्यों से इतर अन्य राज्यों के लिए होगा। उक्त निधियों का वितरण आठ पूर्वोत्तर राज्यों तथा पूर्वोत्तर राज्यों से इतर अन्य राज्यों को क्रमश: (i) अंतर राष्ट्रीय सीमा की लम्बाई (ii) सीमावर्ती खण्डों की जनसंख्या (iii) सीमावर्ती खण्डों के क्षेत्रफल के आधार पर, अलग-अलग किया जाएगा। (उपर्युक्त तीनों मापदण्डों का महत्व समान होगा)। दुर्गम क्षेत्र, संसाधनों की कमी तथा निर्माण की उच्च लागत के आधार पर पहाड़ी/रेगिस्तानी तथा कच्छ के रण क्षेत्र को 15% वेटेज प्रदान किया जाएगा। अपेक्षाकृत छोटे राज्य, जिनकी अंतर राष्ट्रीय सीमा कम है और छोटी आबादी है, उन्हें नियत आबंटन प्रदान किया जाएगा। ऐसे गांवों, जो अंतर राष्ट्रीय भू-सीमा से अनुमेय दूरी के अन्दर स्थित हैं, लेकिन वे उन खण्डों में नहीं आते हैं जो अंतर राष्ट्रीय सीमा को स्पर्श करते हैं, के लिए राज्य सरकारें उपर्युक्त फार्मूले के अनुसार उन्हें (राज्यों को) आबंटित धनराशि की सीमा में ही निधियों का प्रबंध करेंगी।

3.2 जिला प्रशासन सर्व प्रथम संसाधनों का पता लगाएगा और निम्नलिखित को गणना में शामिल करके बीएडीपी के अंतर्गत सम्मिलित किए गए सीमा खण्डों का स्थानिक मानचित्रण तैयार करेगा और तदनुसार ब्लॉक-वार योजना तैयार करेगा:

(i) बीएडीपी निधियों का उपयोग पहली प्राथमिकता के आधार पर 'जीरो' लाइन के समीप के गांवों में विकासात्मक स्कीम के निष्पादन में किया जाएगा।

(ii) सीमा रक्षक बल अपने-अपने क्षेत्रों में सामरिक रूप से प्राथमिकता वाले गांवों की सूची तैयार करेंगे और इसे जिला प्राधिकारियों, राज्य सरकार तथा गृह मंत्रालय को अग्रेषित करेंगे। सीमा रक्षक बलों द्वारा यथा चयनित एवं गृह मंत्रालय द्वारा

अनुमोदित सामरिक सीमावर्ती गांवों को सबसे पहले विकासात्मक गतिविधियों जैसे रोड कनेक्टिविटी, बिजली, पीने के पानी की आपूर्ति, सफाई, स्वास्थ्य, कृषि एवं सहायक क्षेत्रों इत्यादि से संतृप्त (परिपूर्ण) किया जाएगा।

(iii) सामरिक रूप से प्राथमिकता प्राप्त गांवों को संतृप्त (अवसंरचना से परिपूर्ण) करने के बाद अन्य गांवों को विकास कार्य के लिए हस्तगत किया जाएगा।

4. <u>निर्देशक सिद्धांत:</u>

4.1 बीएडीपी निधियों का उपयोग सामान्यत महत्वपूर्ण अंतरालों को पाटने तथा सीमावर्ती आबादी की तातकालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए किया जाएगा। बीएडीपी स्कीमों का नियोजन एवं कार्यान्वयन पंचायती राज संस्थानों/स्वायत परिषदों/अन्य स्थानीय निकायों/परिषदों के माध्यम से भागीदारी एवं विकेन्द्रीकृत आधार पर किया जाना चाहिए।

4.2 सीमावर्ती क्षेत्र विकास कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकारें मौजूदा प्रशासनिक व्यवस्था के अन्दर एक नोडल विभाग/प्रकोष्ठ सृजित/नामित करने पर विचार कर सकती हैं। राज्य में बीएडीपी के साथ कार्य करने वाला नोडल विभाग 0-10/0-20/0-30/0-40/0-50 कि.मी. के दायरे में स्थित सीमावर्ती गांवों में संबंधित राज्य/केन्द्रीय स्कीमों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए राज्यों के कार्यक्षेत्र संबंधी विभागों जैसे बिजली, ग्रामीण विभाग, ऊर्जा, सड़क एवं भवन, जलापूर्ति, सामाजिक कल्याण, सार्वजनिक वितरण, नागरिक आपूर्ति आदि के साथ व्यक्तिगत बैठकें आयोजित करेगा। भारत सरकार की केन्द्र द्वारा प्रयोजित स्कीमों/अग्रणी स्कीमों और राज्य योजना स्कीमों के अंतर्गत निधियों का सीमावर्ती ब्लॉकों के इन क्षेत्रों में अधिकतम संभाव्य सीमा तक उपयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए। भारत सरकार की विभिन्न केन्द्र प्रायोजित स्कीमों/अग्रणी कार्यक्रमों के तहत निधियों का लाभ लेने तथा दिशानिर्देशों में छूट, यदि कोई हो, प्राप्त करने हेतु संबंधित राज्य-विभाग उपयुक्त प्रस्ताव भारत सरकार के संबंधित मंत्रालयों/विभागों को अग्रेषित कर सकता है और इसकी एक प्रति सूचनार्थ सीमा प्रबंधन विभाग, गृह मंत्रालय को भेज सकता है।

4.3 आधारभूत भौतिक एवं सामाजिक अवसंरचना में कमियों/अंतरालों के मूल्यांकन हेतु सीमावर्ती गांवों में एक बेसलाइन सर्वे किया जाएगा। इन अंतरालों को भरने के लिए एक ग्राम-वार योजना सुनिश्चित की जाएगी, जिसमें राज्य योजना स्कीमों/केन्द्र द्वारा प्रायोजित स्कीमों/भारत सरकार की अग्रणी स्कीमों तथा बीएडीपी के माध्यम से वित्त पोषित परियोजनाओं का उल्लेख किया जाएगा। यह योजना, परियोजनाओं के चयन हेतु एक गाइड-मैप जैसी होनी चाहिए। ऐसी किसी भी योजना में बीएडीपी के साथ विभिन्न केन्द्रीय/राज्य स्कीमों का अभिसरण एवं सामंजस्य सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उदाहरण के तौर पर विभिन्न अवसंरचना स्कीमों को 'मनरेगा' के साथ समन्वित किया जा सकता है जिससे कि बीएडीपी के अंतर्गत ली गई परियोजनाओं को ज्यादा से ज्यादा कवरेज प्राप्त हो सके। उन परियोजनाओं को सर्वाधिक प्राथमिकता पर लेने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं, जो भारत सरकार अथवा राज्य सरकार की किसी भी स्कीम के अंतर्गत कवर नहीं हैं।

4.4 बीएडीपी के अंतर्गत सृजित परिसम्पतियों को अनुरक्षित किया जाना चाहिए और राज्य सरकार द्वारा इसकी अच्छी तरह से मरम्मत की जानी चाहिए। बीएडीपी के अंतर्गत वार्षिक आबंटन के 15 प्रतिशत तक की धनराशि को अनुरक्षण के लिए उपयोग में लाया जा सकता है और शेष राशि राज्य सरकार द्वारा मुहैया करायी जानी चाहिए।

5. <u>योजनाओं का चयन:</u>

5.1 योजनाओं की एक निदर्शी सूची, जिन्हें बीएडीपी के अंतर्गत लिया जा सकता है, <u>अनुलग्नक-I</u> पर उपलब्ध है। ऐसी योजनाओं की सूची, जो बीएडीपी के अंतर्गत अनुमेय नहीं है, <u>अनुलग्नक-II</u> पर प्रस्तुत की गई है। कुछ स्कीमें सीमा रक्षक बलों (बीजीएफ) द्वारा भी सुझाई जा सकती हैं और इन पर व्यय राज्य को किए गए वार्षिक आबंटन का 10% होगा। सुरक्षा से जुड़ी अनुमेय एवं अननुमेय स्कीमों की एक सूची <u>अनुलग्नक-III</u> पर स्थित है।

5.2 इन स्कीमों की योजना, सीमावर्ती इलाकों में रह रहे लोगों द्वारा सामना की जा रही विशेष समस्याओं को धयान में रखकर तैयार की जानी चाहिए। राज्य सरकार, क्षेत्र के समग्र संतुलित विकास के उद्देश्यों और सीमावर्ती इलाकों में आधारभूत भौतिक एवं सामाजिक अवसंरचना में अंतरालों/कमियों के बारे में राज्य सरकार द्वारा किए गए मूल्यांकन को ध्यान में रखते हुए बीएडीपी के लिए वार्षिक योजना की रूपरेखा निर्मित करेंगे, जिसमें सीमावर्ती इलाकों में विकासात्मक गतिविधियों के लिए राज्य सरकार के पास उपलब्ध अन्य स्रोतों को भी हिसाब में लिया जाएगा। सबसे अधिक जोर रोजगार प्रोत्साहन, उत्पादन मूलक गतिविधियों, सीमावर्ती इलाकों के लोगों के बीच सुरक्षा की एक भावना पैदा करने हेतु कौशल विकास की स्कीमों पर दिया जाना चाहिए ताकि लोगों को अपनी जीविका तलाशने के लिए अन्य इलाकों में न जाना पड़े। राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी ऐसे एकल क्षेत्र (सेक्टर) को राज्य के आबंटन का अनुपात से अधिक हिस्सा न प्राप्त हो। इसलिए, इसे सुविधाजनक बनाने के लिए अधिकतम/न्यूनतम सीमा निम्नानुसार सुझायी जाती है:-

सेक्टर	**स्कीम**	**सीमा**	**आबंटन का प्रतिशत**
अवसंरचना (i)	(i) लिकं रोड, पर्वतीय तथा उन दुर्गम क्षेत्रों, जहां सड़क आदि से संपर्क की व्यवस्था नहीं है, लिंक रोड, पुल, पुलिया, पैदल पथ, हेलीपैड	अधिकतम	35
अवसंरचना (ii)	(ii) सुरक्षित पेयजल आपूर्ति	असीमित	
स्वास्थ्य	पीएचसी भवन, चिकित्सा उपकरण, मोबाइल डिस्पेंसरी/एंबुलेंस, चिकित्सा	न्यूनतम	10

	अधिकारियों तथा पैरा मेडिकल स्टाफ के लिए आवास		
कृषि	कृषि तथा संबंधित क्षेत्रों के तहत सभी क्रिया-कलाप	अधिकतम	10
सामाजिक क्षेत्र	(क) सामुदायिक केन्द्र, वृद्धों तथा विकलांगों के लिए कामन शेल्टर आदि, विद्युत ट्रैक्स, ट्रांजिट कैंप, शौचालय सुविधा आदि सहित किसान शेड।		15
	(ख) पर्यटन तथा मेजबानी आदि सहित क्षमता निर्माण कौशल विकास	न्यूनतम (महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत हिस्सा निर्धारित किया जाना चाहिए।)	10
	(ग) स्वच्छता, स्वच्छ भारत अभियान, शौचालयों, विशेषत: महिलाओं के लिए शौचालयों का निर्माण, ग्रामीण स्वच्छता आदि।	न्यूनतम	5
शिक्षा	विद्यालय भवन, आवासीय विद्यालय, पुस्तकालय, कंप्यूटर, विज्ञान एवं प्रयोगशाला कक्ष, विद्यालय में कार्यरत शिक्षक एवं अन्य स्टाफ के लिए मकानों का निर्माण	न्यूनतम	10
खेल गतिविधियां	खेल गतिविधियों में खेल के मैदान, मिनी ओपन स्टेडियम, इंडोर स्टेडियम, आडिटोरियम, एडवेंचर स्पोर्ट तथा अन्य खेल संबंधी अवसंरचानएं (बीजीएफ के सुझाव पर) शामिल हैं।	न्यूनतम	5

विशेष/विनिर्दिष्ट क्षेत्र स्कीमें	आदर्श ग्राम, औषधालयों का निर्माण, मोबाइल डिस्पेंसरी, जीवनयापन के लिए समुदाय आधारित अवसंरचना, जैविक खेती को प्रोत्साहन, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यटन, स्वच्छ भारत अभियान, खाद्यानों तथा पशु चारे के लिए गोदाम, ई-चौपाल मोबाइल मीडिया आदि	न्यूनतम (राज्यों द्वारा आरक्षित रखा जा सकता है)	10
अनुरक्षण	प्रत्येक क्षेत्र का 15 प्रतिशत भाग बीएडीपी के तहत सृजित परिसम्पत्ति के अनुरक्षण/मरम्मत, यदि अपेक्षित हो, के लिए उपयोग किया जाए	अधिकतम	15
बीजीएफ द्वारा सुझाए जाने वाली स्कीमें	उपर्युक्त सभी क्षेत्रों में 10% राशि की स्कीमें, जैसा कि बीजीएफ द्वारा सुझाया गया है, शामिल होंगी। बीएडीपी के तहत बीओपी या सीओबी में कोई स्कीम प्रारंभ नहीं की जाएगी।	अधिकतम	10
विभिन्न सेवाओं के लिए आरक्षित रखे जाने हेतु	एमआईएस का कार्यान्वयन, अनुवीक्षण, प्रशासनिक व्यय, सर्वेक्षण, मीडिया प्रकाशन, लॉजिस्टिक सहायता (वाहनों की खरीद के अलावा) आदि	अधिकतम	1.5 अधिकतम केवल 50 लाख तक की सीमा सहित

5.3 ऊपर पैरा सं. 5.2 में सुझाई गई अधिकतम/न्यूनतम सीमा केवल मार्गदर्शन के लिए है तथा राज्य सरकारों के लिए अनिवार्य नहीं है। यदि, राज्य सरकार यह महसूस करती है कि कोई क्षेत्र विशेष पहले ही विकसित हो चुका है और उस क्षेत्र में आगे और विकास की संभावना नहीं है तो राज्य सरकार उस क्षेत्र विशेष के कोष को सीमा प्रबंधन विभाग, गृह मंत्रालय को सूचित करते हुए किसी अन्य अल्पविकसित क्षेत्र के विकास के लिए बीएडीपी के तहत अनुमत्य स्कीमों पर व्यय कर सकता है।

5.4 उन कमियों को पूरा करने, जैसाकि पैरा सं. 4.3 के तहत दर्शाया गया है, के लिए परियोजनाओं की प्राथमिकता निर्धारित करते हुए एक ग्रामवार विस्तृत दीर्घावधि कार्य योजना तैयार की जानी चाहिए। बीएडीपी की वार्षिक कार्य योजना तीन माह अग्रिम रूप से तैयार कर ली जानी चाहिए और राज्य स्तरीय जांच समिति का अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात सीमा प्रबंधन विभाग, गृह मंत्रालय को अप्रैल/मई तक प्रस्तुत कर दी जानी चाहिए। औपचारिकताओं, यदि कोई हों, यथा वन, पर्यावरण तथा अन्य स्थानीय निकासियां, भूमि की उपलब्धता आदि को पूरा करने के सबंध में बीएडीपी के तहत विभिन्न परियोजनाओं की सिफारिश करते समय अग्रिम रूप से योजना तैयार की जानी चाहिए।

5.5 जिला मजिस्ट्रेट/उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति नामक एक समिति होनी चाहिए जिसमें जिला वन अधिकारी, जिला योजना अधिकारी, संबंधित जिले का पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्र में विद्यमान सीमा रक्षा बल का कमांडेंट या उपकमांडेंट शामिल होने चाहिए जो बीएडीपी दिशानिर्देशों के तहत कवर होने वाले सीमा खंड में बीएडीपी की योजना तथा कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी होंगे।

5.6 जैसाकि पैरा सं.5.4 में निर्दिष्ट है, जिला स्तरीय समिति खंड में ग्रामों के बेसलाइन सर्वेक्षण के माध्यम से ग्राम-वार योजना तैयार करेगी। यह विद्यमान भौतिक एवं सामाजिक अवसंरचना क्षेत्रों में कमियों का मूल्यांकन करेगी तथा उन ओवर आर्चिंग क्षेत्रीय प्राथमिकताओं पर व्यवस्थित ढंग से कार्य करेगी जिनके भीतर विभिन्न विभागीय स्कीमों का चयन किया जाएगा अर्थात् यदि यह किसी ग्राम विशेष का विद्यालय अवसंरचना है तो विद्यालय भवन/अतिरिक्त क्लास रूम, खेल का मैदान/खेल अवसंरचना कंप्यूटर कक्ष, अध्यापकों के लिए क्वार्टर आदि की आवश्यकता/कमी के अनुसार निर्माण करना इसमें शामिल होना चाहिए।

5.7 जिला स्तरीय समिति यह सुनिश्चित करेगी कि बीएडीपी के तहत प्रारंभ स्कीमों का केन्द्र सरकार/राज्य प्लान की चल रही स्कीमों के साथ ओवर लापिंग नहीं हो और साथ ही वह गृह मंत्रालय को तदन्तर अंतरित करने हेतु राज्य

सरकार को वार्षिक कार्य-योजना प्रस्तुत करते समय इस आशय का प्रमाण-पत्र भी प्रस्तुत करेगी।

5.8 जिला स्तरीय समिति लोक कल्याण हेतु चलाए जा रहे विकास कार्यक्रमों को केन्द्र/राज्य सरकारों के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों की विभिन्न स्कीमों के साथ केन्द्राभिमुख एवं मिलान करेगी और यह विभिन्न स्रोतों यथा पी एम जी एस वाई, एमएनआरईजीए, एसएसए, जलापूर्ति योजना, स्वास्थ्य योजना, सामाजिक विकास योजना, ग्रामीण विकास योजना, पंचायती राज्य योजना, कौशल विकास तथा अन्य स्कीमों के माध्यम से आने वाले कोष को भी देखेगी।

5.9 जिला स्तरीय समिति लोगों की आवश्यकता के विषय में जानने के लिए स्थानीय सांसदों, विधायकों, पी आर एल सदस्यों, स्वायत्त परिषदों, सामुदायिक नेताओं तथा विकास एजेंसियों के साथ परामर्श करेगी और उनके प्रस्तावों को पूरी तरजीह देगी। यह समिति लोगों की प्राथमिकताओं तथा लोक अवसंरचना तथा सेवाओं में कमियों को पूरा करने के लिए समग्र क्षेत्रीय प्राथमिकताओं के भीतर निर्माण कार्यों के चयन को ध्यान में रखते हुए अंतिम निर्णय लेगी।

5.10 जैसाकि पैरा 5.4 में निर्दिष्ट है राज्य सरकारें सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रमों की वार्षिक कार्य योजना में शामिल करने के लिए अग्रिम रूप से परियोजनाओं/स्कीमों की शेल्फ तैयार करे ताकि सभी निकासियों को प्राप्त कर सके और वर्ष के प्रारम्भ में ही कोष उपलब्ध हो सके। जिला स्तरीय समिति इस स्कीम पर बीजीएफ सहित सभी संबंधितों के साथ चर्चा करे और यह सुनिश्चित करे कि सभी अवसंरचनाओं में महत्वपूर्ण कमियां पूरी कर ली गई हों और अन्य केन्द्रीय/राज्य स्कीमों के साथ केन्द्रभिमुख/मिलान कर लिया गया हो और तदन्तर बीएडीजीपी की वार्षिक कार्य योजना को राज्य स्तरीय जांच समिति के विचारार्थ प्रत्येक वर्ष फरवरी तक राज्य सरकार को प्रस्तुत कर दिया जाए। स्कीम/परियोजना तैयार करते समय डीएलसी यह सुनिश्चित करें कि रणनीतिक महत्व के स्थानों पर समिति ग्रामों को प्राथमिकता दी गई हो जैसा कि बीजीएफ द्वारा प्रावधान किया गया है। राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली राज्य स्तरीय जांच समिति द्वारा यथानुमोदित बीएडीपी की वार्षिक कार्य योजना मार्च/अप्रैल माह तक सीमा प्रबंधन विभाग, गृह मंत्रालय के समक्ष प्रस्तुत कर दी जानी चाहिए। यदि वार्षिक कार्य योजना अप्रैल माह तक प्रस्तुत नहीं की गई हो तो राज्य सरकार उसे उस वर्ष विशेष में कार्यान्वित नहीं कर सकेगी और उस वर्ष के लिए बीएडीपी के तहत आबंटित कोष भी प्राप्त नहीं कर सकेगी।

5.11 राज्य सरकार बीएडीपी की वार्षिक कार्य योजना (एएपी) तैयार करने के लिए निम्नलिखित समय सीमा का अनुपालन करेगी:-

गतिविधि	समय सीमा
ब्लॉक प्राधिकरण, बीजीएफ द्वारा निर्माण कार्य की पहचान करना तथा डीएलसी को प्रस्तुत करना	जनवरी तक
डीएलसी द्वारा अनुमोदित स्कीमों को राज्य नोडल विभाग के साथ परामर्श, अनुमोदन तथा अग्रेषण	फरवरी/मार्च तक
राज्य नोडल विभाग द्वारा जांच तथा एसएलएससी का अनुमोदन तथा गृह मंत्रालय को प्रस्तुत करना	अप्रैल/मई तक
गृह मंत्रालय द्वारा वार्षिक कार्य योजना की जांच बीएडीपी के दिशा निर्देशों के अनुसार सभी शर्तों के पूरा होने पर निर्भर करती है।	भारत सरकार से कोष की प्राप्ति के एक माह के भीतर
राज्य द्वारा तैयारी, जांच तथा निष्पादन एजेंसियों को कोष जारी करना	भारत सरकार से कोष की प्राप्ति के एक माह के भीतर

5.12 बीजीएफ, बीएडीपी की वार्षिक कार्य योजना में शामिल करने के लिए अपनी स्कीमें तैयार करने हेतु एक स्पष्ट अनुसूची भी तैयार करेगी और उसे सीमा प्रबंधन विभाग, गृह मंत्रालय को भी एक प्रति देते हुए डीएलसी एवं राज्यों के नोडल विभाग को अग्रिम रूप से प्रस्तुत करेगी तथा संबंधित कमांडेंट/उप कमान्डेंट त्वरित सहक्रियता के लिए डीएलसी के साथ बैठकों में भाग लेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके प्रस्तावों को शामिल किया गया हो, यदि वे उपयुक्त हों।

5.13 जिला स्तरीय समिति यह सुनिश्चित करेगी कि बीएडीपी की वार्षिक कार्य योजना में, खेल गतिविधियों तथा शौचालयों के निर्माण के अलावा 5 लाख रूपए से कम अनुमानित लागत वाली कोई स्कीम शामिल नहीं हो।

6. अधिकार प्राप्त समिति:

6.1 नीतिगत विषय यथा बीएडीपी के दिशा-निर्देश, वह भौगोलिक क्षेत्र जिसके भीतर बीएडीपी का कार्यान्वयन किया गया है, कोष का आबंटन, स्कीम के निष्पादन का मॉडल आदि सचिव, सीमा प्रबंधन विभाग, गृह मंत्रालय की अध्यक्षता में गठित अधिकार प्राप्त समिति द्वारा प्रस्तुत किए जाएंगे। बीएडीपी की अधिकार प्राप्त समिति का संघटन इस प्रकार है:-

संघटन:

1	सचिव (बीएम), सीमा प्रबंधन विभाग	अध्यक्ष
2	सचिव, व्यय विभाग	सदस्य
3	नीति आयोग के प्रतिनिधि (संयुक्त सचिव से कमतर रैंक के नहीं)	सदस्य
4	अपर/विशेष सचिव तथा वित्त सलाहकार (गृह) गृह मंत्रालय	सदस्य
5-21	17 बीएडीपी राज्यों के मुख्य सचिव अथवा उनके द्वारा नामित (अपने राज्य में भारत सरकार के संयुक्त सचिव रैंक से कम के अधिकारी नहीं)	सदस्य
22	संयुक्त सचिव (के.), गृह मंत्रालय	सदस्य
23	संयुक्त सचिव (एन ई), गृह मंत्रालय	सदस्य
24	संयुक्त सचिव, डोनेर मंत्रालय	सदस्य
25	संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय	सदस्य
26	संयुक्त सचिव, खेल एवं युवा मामला मंत्रालय	सदस्य
27	संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय	सदस्य
28	संयुक्त सचिव, मानव संसाधन विकास मंत्रालय	सदस्य
29-32	बी एस एफ, आई टी बी पी, एस एस बी तथा असम राइफल्स से प्रत्येक के प्रतिनिधि (आई जी से कम रैंक के नहीं)	विशेष आमंत्रित
33	संयुक्त सचिव (बी एम) गृह मंत्रालय	सदस्य सचिव

6.2 यह अधिकार प्राप्त समिति (ईसी) राज्यों को कोष के आबंटन के लिए फार्मूला प्राप्त होने पर इन दिशा-निर्देशों के दायरे के भीतर उस संबंधित राज्य जिसके भीतर बीएडीपी कार्यान्वित होगी, की भौगोलिक सीमाओं में बीएडीपी निर्धारण की संभावनाओं से संबंधित नीतिगत मामलों, व कार्यान्वयन की रूपरेखा के लिए उत्तरदायी होगा। यह समिति एक वित्तीय वर्ष में कम से कम तीन बार अवश्य मिलेगी और ऐसे सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित करेगी जो इसके विचारों/निर्णयों को लेने में सहायक सिद्ध हों। परिस्थितियों तथा प्रचालनात्मक कठिनाइयों की तात्कालिकता के कतिपय मामलों तथा सीमांत जनसंख्या की तत्काल शिकायतों को सुलझाने की तत्काल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अधिकार प्राप्त समिति के अध्यक्ष बीएडीपी दिशा-निर्देशों में राज्य/क्षेत्र/स्कीम/परियोजना छूट देने के लिए प्राधिकृत हैं।

6.3 किसी वर्ष विशेष में बीएडीपी के बजटीय आबंटन के 5% से कमतर राशि को सुरक्षित रखा जाएगा और उसे तत्काल स्कीमों/परियोजनाओं, आकस्मिकताओं तथा अन्य अनभिज्ञ परिस्थितियों के लिए अध्यक्ष अधिकार प्राप्त समिति के समक्ष रखा जाएगा। यदि इस प्रकार की कोई परिस्थिति उत्पन्न नहीं होती है तो इस राशि को वर्ष के अंत में बचत, यदि कोई हों, सहित उन राज्यों को जारी किया जाएगा जिन्हें इस की आवश्यकता हो।

7. राज्य स्तरीय जांच समिति:

7.1 राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बीएडीपी पर एक राज्य स्तरीय जांच समिति होगी, जैसाकि नीचे निर्दिष्ट किया गया है:-

गठन:

1.	मुख्य सचिव	अध्यक्ष
2.	सचिव, राज्य का योजना विभाग	सदस्य
3.	सचिव, राज्य का गृह विभाग	सदस्य
4.	सचिव, राज्य का वित्त विभाग	सदस्य
5.	सचिव, राज्य का ग्रामीण विकास विभाग	सदस्य
6.	राज्य के लाइन विभागों के संबंधित सचिव, जो सीमा ब्लाकों/जिलों में विभिन्न केन्द्रीय/राज्य परियोजनाओं का कार्यान्वयन कर रहे हैं।	सदस्य
7.	गृह मंत्रालय, भारत सरकार के प्रतिनिधि (सीमा प्रबंधन विभाग),	सदस्य
8.	नीति आयोग के प्रतिनिधि	सदस्य
9.	उत्तर पूर्व मामले मंत्रालय, भारत सरकार के प्रतिनिधि (उत्तर पूर्व राज्यों के मामलों में)	सदस्य
10.	राज्य के सीमा जिलों के जिला-मजिस्ट्रेट	सदस्य
11.	राज्य के अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर तैनात सीमा सुरक्षा बल/ बलों के नोडल अधिकारी	सदस्य
12.	राज्य के बीएडीपी के नोडल विभाग के सचिव	सदस्य सचिव

7.2 इन दिशानिर्देशों की रूपरेखा के अंतर्गत तथा ऐसे सामान्य/विशेष निर्देशों के शर्ताधीन, जो कि उच्चाधिकार प्राप्त समिति द्वारा दिए जा सकते हैं, राज्य स्तर की स्क्रीनिंग समिति बीएडीपी के अंतर्गत कार्यान्वयन के लिए स्कीमों की सूची तैयार करेगी तथा गृह मंत्रालय के सीमा प्रबंधन विभाग को प्रस्तुतीकरण हेतु वार्षिक कार्य योजना को अनुमोदित करेगी। राज्य स्तर स्क्रीनिंग समिति के अधयक्ष (अर्थात मुख्य सचिव) ऐसे सदस्यों को स्क्रीनिंग समिति में सम्मिलित कर सकते हैं जिनको राज्य स्तरीय स्क्रीनिंग समिति (एसएलएससी) में विचार/निर्णय की प्रक्रिया के लिए आवश्यक समझा जाता है।

7.3 किसी विशेष वर्ष में बीएडीपी के अंतर्गत एक राशि, जो राज्य के आबंटन से 25% अधिक न हो, उसे आरक्षित रखा जाएगा तथा उसे अति-आवश्यक स्कीमों/परियोजनाओं, आकस्मिकताओं तथा अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिए अध्यक्ष राज्य स्तरीय स्क्रीनिंग समिति के निर्णय हेतु रखा जाएगा। यदि ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न नहीं होती हैं तो इस राशि को वर्ष के अंत में सीमा ब्लॉकों को जारी कर दिया जाएगा।

7.4 एसएलएससी वर्ष में कम-से-कम दो बार बैठक करेगी। पहली बैठक मार्च/अप्रैल में डीएलसी इत्यादि द्वारा अनुसंशित परियोजनाओं के अनुमोदन एवं निपटान के लिए की जाएगी, जैसा कि अनुवर्ती वर्ष के दिशानिर्देशों में प्रतिबन्धित है। वार्षिक कार्य योजना को पहली बैठक में निपटाना तथा अप्रैल तक इसे सीमा प्रबंधन विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार को संचारित करना आवश्यक है।

7.5 किसी विशेष वर्ष के लिए सीमा प्रबंधन विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित स्कीम/परियोजनाएं, जैसा कि वार्षिक कार्य योजना में अनुसंशित है, सामान्यत: बदली नहीं जाएंगी। तथापि, सीमा प्रबंधन विभाग, गृह मंत्रालय में परियोजनाओं में किसी भी प्रकार के परिवर्तन पर तभी विचार किया जाएगा जब उसे प्रचालनात्मक कठिनाईयों/विशेष परिस्थितियों के कारण राज्यों (अर्थात मुख्य सचिव) द्वारा अनुसंशित किया गया हो।

7.6 एसएलएससी की दूसरी बैठक नवम्बर/दिसम्बर में बीएडीपी के अंतर्गत परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करने, उपयोगिता प्रमाणपत्र एवं तिमाही प्रगति रिपोर्ट इत्यादि प्रस्तुत करने के लिए आयोजित की जाएगी।

7.7 संबंधित सीमा सुरक्षा बल राज्यों के साथ समन्वय के लिए राज्यवार नोडल अधिकारी नामांकित करेंगे तथा ऐसे अधिकारियों को एसएलएससी की बैठकों के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

7.8 राज्य सरकार बीएडीपी की वार्षिक कार्य योजना को एसएलएससी द्वारा की गई अनुशंसा के अनुसार सीमा प्रबंधन विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार को हर हाल में प्रत्येक वर्ष के अप्रैल तक प्रस्तुत करेगी, जैसाकि अनुलग्नक-v(क) से अनुलग्नक-v (च) में दिए गए प्रपत्र में दिया गया है।

7.9 अपने 100% आबंटन में सीमा सुरक्षा बल द्वारा प्रस्तावित कार्य/परियोजनाओं को प्रपत्रों में इंगित के अनुसार पृथक रूप से दर्शाया जाएगा।

8. <u>कार्यक्रमों के निष्पादन में नम्यता:</u>

8.1 सुगम्यता उपलब्ध कराने हेतु बीएडीपी के अंतर्गत परियोजनाओं को निम्न एजेंसियों द्वारा निष्पादित किया जा सकता है:

(i) राज्य सरकार की एजेंसियां जैसे पी डब्ल्यू डी, पीएचई, ग्रामीण विभाग एजेंसियां, अन्य लाइन विभाग एजेंसियां तथा राज्य सरकार की सार्वजनिक उपक्रमें;

(ii) केन्द्रीय सरकार की एजेंसियां, जैसे सीपीडब्ल्यूडी, केन्द्रीय सरकार सार्वजनिक उपक्रम, सीमा क्षेत्रों में अवस्थित सीमा सुरक्षा बलें;

(iii) पंचायती राज संस्थाए/स्वायत्त जिला परिषदें/पारंपरिक परिषदें, अन्य स्थानीय निकाय एवं ग्राम प्राधिकारी/परिषदें।

स्थानीय जनता की भागीदारी पर उचित बल दिया जाना चाहिए। स्वैच्छिक एजेंसियों, जिनमें स्थानीय गैर सरकारी संगठन/स्वायत संगठन जो किसी तरह की विदेशी सहायता/सहयोग प्राप्त नहीं कर रहे हैं, को सरकार एवं सीमा पर रह रही जनता के बीच परस्पर विश्वास के लिए नियोजित किया जा सकता है।

9. राशि प्रवाह:

9.1 वित्तीय वर्ष की शुरुआत से पहले सीमा प्रबंधन विभाग, बीएडीपी के अंतर्गत अगले वर्ष के दौरान राज्यों को आबंटित की जाने वाली धनराशि की जानकारी देगा। धनराशि जारी करने हेतु योजनाओं सहित वार्षिक कार्य योजना जो कि राज्य स्तर स्क्रीनिंग समिति द्वारा यथाविधि अनुमोदित हो, को अनुलग्नक-IV (क) से IV (च) में दिए गए प्रपत्र के अनुसार एमआई एस आवेदन द्वारा अनुलग्नक-V (क) तथा अनुलग्नक-V(ख) में दिए गए प्रपत्र में दी गई सूचना सहित सीमा प्रबंधन विभाग, गृह मंत्रालय को अग्रेषित किया जाना चाहिए।

9.2 राज्यों को धनराशि दो किस्तों में जारी की जाएगी। अनुवर्ती वर्ष के लिए धनराशि, व्यय की पुष्टि तथा योजनाओं की अनुमोदित सूची की प्राप्ति पर आधारित होगी। राज्य को आबंटन के 90% की पहली किस्त राज्य को पूर्व के वर्षों, सिवाय पिछले वर्ष के, के लिए जारी राशि के उपयोगिता प्रमाणपत्र की प्राप्ति पर जारी की जाएगी। यदि पूर्व वर्षों के दौरान, सिवाय पिछले वर्ष के, जारी राशि के उपयोगिता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में कोई कमी है तो इसे पहली किस्त जारी करने के समय काट लिया जाएगा। राज्यों को आबंटित शेष 10% की दूसरी किस्त राज्यों को अक्तूबर माह में पूर्व वर्ष में जारी राशि जो 50% से कम न हो, के उपयोगिता प्रमाणपत्र तथा सितम्बर में समाप्त होने वाले (अर्थात वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही) तिमाही तक की तिमाही प्रगति रिपोर्ट (वास्तविक एवं वित्तीय) के प्रस्तुत किए जाने पर ही जारी की जाएगी।

9.3 पूर्व वर्षों से संबंधित लम्बित उपयोगिता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने की सीमा तक, कटौती यदि कोई हो जो उपयोगिता प्रमाणपत्र जमा नहीं किए जाने पर पहली किस्त जारी करते समय की गई थी, उसकी भरपाई दूसरी किस्त जारी करते समय की जाएगी।

9.4 राज्य सरकारों को बीएडीपी के लिए एक पृथक बजट शीर्ष बनाना आवश्यक है। भारत सरकार से धनराशि की प्राप्ति पर राज्य सरकारों द्वारा इसे तत्काल कार्यान्वयन एजेंसियों को जारी कर दिया जाना चाहिए तथा वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार किसी भी स्तर पर राशि को जमा करके रखना सख्त रूप से प्रतिबंधित है।

10. अनुवीक्षण एवं समीक्षा:

10.1 राज्य सरकारें, बीएडीपी योजनाओं/परियोजनाओं के निरीक्षण के लिए एक संस्थागत व्यवस्था विकसित करेंगी तथा सीमा प्रबंधन विभाग, गृह मंत्रालय को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी। प्रत्येक सीमा ब्लॉक किसी उच्च स्तरीय राज्य सरकार नोडल अधिकारी को आबंटित किया जाना चाहिए जिसे

नियमित रूप से ब्लॉक का दौरा करना चाहिए तथा बीएडीपी योजनाओं के लिए जिम्मेवारी लेनी चाहिए।

10.2 गृह मंत्रालय के अंतर्गत एक तीसरे पक्ष द्वारा निरीक्षण तथा गुण्वत्ता नियंत्रण व्यवस्था होगी। बीएडीपी योजनाओं के औचक निरीक्षण के लिए मंत्रालय एक स्वतंत्र मॉनीटर (व्यक्ति/एजेंसी) नियुक्त करेगा। इस स्वतंत्र मॉनीटर को राष्ट्रीय गुणवत्ता मॉनीटर विनिर्दिष्ट किया जाएगा जिसका सभी प्रशासनिक, तकनीकी तथा वित्तीय रिकार्ड पूर्ण रूप से उपलब्ध कराए जाएंगे। राष्ट्रीय गुणवत्ता मॉनीटर (एनक्यूएम) अपनी रिपोर्ट गृह मंत्रालय तथा राज्य सरकार को तिमाही आधार पर प्रस्तुत करेगा। एनक्यूएम स्कीम के कार्यान्वयन में, यदि आवश्यक हो, सुधारों का भी सुझाव देगा।

10.3 जिला स्तर की समिति बीएडीपी के अंतर्गत कार्यों के कार्यान्वयन के अनुवीक्षण की तथा कार्यों के गुणवत्ता की जिम्मेदारी लेगी तथा तिमाही आधार पर कार्य/योजनाओं की फोटो के साथ राज्य सरकार को आगे गृह मंत्रालय को अग्रेषित करने हेतु एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

10.4 राज्य सरकारें बीएडीपी योजनाओं की मौजूदा जिला स्तर अनुवीक्षण/सतर्कता समिति के द्वारा अनुवीक्षण पर विचार कर सकती है जिनमें स्थानीय संसद सदस्यों/विधान सभा सदस्यों का प्रतिनिधित्व होगा

10.5 तिमाही प्रगति रिपोर्ट, स्कीम-वार सीमा प्रबंधन विभाग को एमआईएस आवेदन द्वारा तिमाही की समाप्ति के कमतर 15 दिन के अंदर प्रस्तुत की जानी चाहिए (जैसा कि अनुलग्नक-VI में प्रपत्र में दर्शाया गया है)। वर्ष-वार समेकित उपयोगिता प्रमाणपत्र सामान्य वित्तीय नियमों के निर्धारित प्रपत्र (जीएफआर 19 क) में वित्तीय वर्ष के अंत होने के एक महिने के अंतर्गत भेजा जाना चाहिए, जैसा कि अनुलग्नक- VII में दिया गया है। परियोजना स्थलों पर एक प्रदर्शन (डिस्पले) बोर्ड रखा जा सकता है जिसमें भारत सरकार के बीएडीपी के अंतर्गत पूरे किए जा रहे/पूरे कर लिए गए कार्यों को इंगित किया गया हो।

